Live हिन्दुस्तान .com

दो हजार लीटर नकली शराब बरामद, दो गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,चित्रकूट

Last updated: Sat, 02 Jun 2018 08:53 PM

रैपुरा थाना क्षेत्र के देहरूछ गांव में गुरूवार की देर रात पुलिस ने करीब दो हजार लीटर नकली शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो लोग भागने में सफल रहे। बरामद की गई शराब की कीमत करीब सात लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। नकली शराब की आपूर्ति समीपवर्ती जनपदों में भी किए जाने की योजना बनाई जा रही थी।

एंटी डकैती टीम प्रभारी मो. अकरम को मुखबिर के जरिए सटीक सूचना मिली थी कि कुछ लोग रैपुरा थाना क्षेत्र के देहरूछ गांव में अनिल पटेल के ट्यूबबेल में अवैध शराब का निर्माण कर रहे है। अवैध रूप से बनाई गई शराब को प्लास्टिक की शीशी, बोतलों में भरकर बाहर भेजने की तैयारी है। शीशी पर नकली रैपर लगाने के उपरान्त पेटियों में भरकर सील कर पैकिंग आदि भी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार झा ने प्रभारी निरीक्षक रैपुरा सन्त शरण व एंटी डकैती टीम कार्रवाई के निर्देश दिए। शुक्रवार की देर रात दोनों टीमों ने अनिल पटेल के ट्यूबबेल में छापा मारा। टीमों ने छापेमारी के दौरान पाया कि कुछ लोग अवैध रूप से शराब को शीशियों में भरकर तथा उनमें नकली लेबल लगाकर पेटियों में भर रहे थे। इन शीशियों में शराब का ब्रांड भी लिखा गया था। पुलिस ने मौके पर 186 पेटी अवैध शराब व 8 बोरी में 750 क्वार्टर देशी शराब बरामद किया। कुल 2000 लीटर शराब जिसकी कीमत करीब सात लाख रूपए बताई जा रह है। इसके अलावा मौके पर एक बोरी यूरिया व शीशियों पर चिपकाने वाले रैपर जिनमें एक ही बार कोड अंकित था, उसे भी बरामद किया गया। टीमों ने अवैध शराब को पैक करते हुए ललित पटेल पुत्र राजकरन, कैलाश सिंह पुत्र काशी पटेल निवासी देहरूछ माफी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया है। जबकि दो लोग लवलेश पटेल व अनिल पटेल पुत्रगण काशी पटेल उर्फ छोटे राजा निवासी देहरुछ माफी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने इनको पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। सभी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तार किए गए दो लोगों को जेल भेजा गया है। पुलिस टीमों को मिली कामयाबी पर डीआईजी चित्रकूट परिक्षेत्र मनोज कुमार तिवारी ने पांच हजार रूपए से पुरस्कृत किया है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/chitrakoot/story-two-thousand-liters-of-fake-liquor-recovered-two-arrested-1992526.html